## न्यूज कार्नर

### अरोरा करेंगे 25 क्विंटल खिचड़ी का वितरण



**सीहोर।** 15 फरवरी 2026 महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमीता अरोरा द्वारा नगर के मनकामेश्वर महादेव मंदिर में 25 क्विंटल खिचड़ी एवं मट्ठे का वितरण किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं, भक्तों के लिए मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर भक्त खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करें। उन्होंने बताया कि सीहोर के कुबेरेश्वर धाम पर भी भव्य रूद्राक्ष महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए लाखों लोग सीहोर पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अरोरा परिवार एवं अरोरा मित्र मंडल द्वारा प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### रोग के उन्मुखीकरण हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में एनसीडी उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के शहरी एवं विकासखण्ड के समस्त मेडिकल ऑफिसर एवं संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को एनसीडी स्क्रीनिंग, जांच, उपचार एवं पोर्टल पर डाटा की एंट्री का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में स्टेट कंसलटेंट अंकित चौरसिया एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ राजेश कुमार उपस्थित थे।

### पैरालीगल वालेंटियर्स पैनल का पुनर्गठन

**सीहोर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर द्वारा आमजन को विधिक सेवा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पैरालीगल वालेंटियर्स (PLV) के पैनल का पुनर्गठन किया जा रहा है। इस संबंध में एक वर्ष की अवधि हेतु पैनल गठन के लिए इच्छुक आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। प्राधिकरण द्वारा ग्रामों, जनपद पंचायतों एवं अन्य स्थानों पर स्थापित किए जाने वाले लीगल एड क्लीनिक, पुलिस थानों तथा समाज के कमजोर, पिछड़े एवं पीड़ित वर्गों को विधिक सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराने के कार्य में पैरालीगल वालेंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इसके अतिरिक्त गुमशुदा बच्चों की सहायता, नालसा एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की कार्ययोजना, दिशा-निर्देशों, विशेष अभियानों एवं अन्य निर्दिष्ट कार्यों के क्रियान्वयन में भी वालेंटियर्स सहयोग प्रदान करेंगे। तहसील विधिक सेवा समिति—आष्टा, भैरूंदा, बुदनी एवं इछावर—में अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। पैनल गठन में योग्य महिला आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

---

### कलेक्टर ने की समीक्षा बैठक, सुरक्षा बलों को ठहराने के लिए भवनों का किया गया अधिग्रहण

# रुद्राक्ष महोत्सव में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए प्रशासन ने कसी कमर



**जागरण, सीहोर।** 14 फरवरी से कुबेरेश्वर धाम पर आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव के लिए बिठलेश सेवा समिति और प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर बालागुरु के ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, ड्यूटी प्रभारी तथा आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने महोत्सव को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रद्धालु-हितैषी बनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि रूद्राक्ष महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिस अधिकारी या कर्मचारी को जिस क्षेत्र अथवा कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह पूरी गंभीरता, सजगता और सेवा भाव के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करे। ड्यूटी स्थल पर पूरे समय उपस्थित रहना अनिवार्य होगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, भोजन वितरण, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, पंडाल व्यवस्था, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से समन्वय स्थापित कर संचालित की जाएं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो।

स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अस्थायी अस्पताल एवं स्वास्थ्य शिविरों में पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध रहें तथा पूरे समय डॉक्टर एवं स्वास्थ्य अमला तैनात रहे। आपात स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती कर शिकायतों एवं सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि आवागमन को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक प्लान के अनुसार संचालित किया जाये। पार्किंग स्थलों पर वाहनों को खड़ा कराया जाना सुनिचित किया जाये। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाये कि यात्री वाहनों द्वारा किसी भी श्रद्धालु से अधिक किराया वसूला न जाये। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करें।

#### रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान सुरक्षा बलों के ठहराने भवन अधिगृहीत



कुबरेश्वर धाम महोत्सव के दौरान तैनात जिला बल, विशेष सशस्त्र बल एवं पीटीएस बल के ठहरने की समुचित व्यवस्था के लिए कलेक्टर द्वारा 08 फरवरी से 21 फरवरी 2026 तक विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, छात्रावासों एवं अन्य भवनों का अस्थायी अधिग्रहण किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। अधिगृहीत भवनों में कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत स्कूल ऑफ आयुर्वेदा सत्य साई कॉलेज, सत्य साई नर्सिंग कॉलेज, चन्द्रशेखर आजाद अग्रणी महाविद्यालय, शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय छात्रावास भोपाल नाका, श्री राम गार्डन एवं राठौर धर्मशाला गंज, सीहोर तथा आष्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत मंथन आईटीआई अमलाहा शामिल हैं। इन संस्थाओं को तत्काल प्रभाव से अधिग्रहित करने के आदेश जारी किए हैं ।

#### कहां से कितने सुरक्षा कर्मी

कुबेरेश्वर धाम पर देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था की दृष्टि से 12 फरवरी से सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे जिला पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने बताया कि कुबेश्वर धाम पर व्यवस्था संभालने के लिए आरएपीटीसी इंदौर से 444, पीटीएस पंद्रवी वाहिनी बिसबल इंदौर से 106, डीजीपी रिजर्व पांचवी वाहिनी बिसबल मुरैना से 70 प्रथम वाहिनी इंदौर से 37, इंदौर शहर का जिला बल 75 नरसिंह पुर से 26 सागर से 56, दमोह से 33, जबलपुर से 52 इस प्रकार बाहर से प्राप्त पुलिस बल की कुल संख्या 889 है। इनमें अधिकारी कर्मचारी तथा 10 राजपत्रित अधिकारी जिले का सीानीय पुलिसबल 214 बिसबल 10, होमगार्ड 90 वन विभाग 16, आबकारी विभाग 6 कुल बल 1235 अधिकारी कर्मचारी तथा 52 कोटवार तथा ग्राम रक्षा सतिति के वॉलेंटियर्स रहेगे।

---

# अवैध उत्खनन पर लगातार कार्रवाई से मचा हड़कंप




**जागरण, सीहोर।** कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा मंगलवार से अवैध उत्खननकर्ताओं के खिलाफ शुरु की गई कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदा घाटों पर रेत के अवैध उत्खनन के साथ ही गिट्टी और मुरम के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की गरज से खनिज विभाग द्वारा पुलिस और राजस्व विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई किए जाने से अवैध रूप से खनिजों का उत्खनन करने वाले माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। गौरत तलब है कि मंगलवार को बुधनी और रेहटी के नर्मदा घाट से एक पोकलेन, एक जेसीबी, रेत से भरे 6 डंपर और इतनी ही ट्रेक्टर ट्रालियां जप्त करने की कार्रवाई की गई थी।

#### जहाजपुरा में कार्रवाई

बुधवार को संयुक्त अभियान के तहत खनिज अधिकारी पुलिसबल और राजस्व अमले के साथ जहाजपुरा स्थित नर्मदा क्षेत्र में अवैध उत्खनन करते हुए पाए जाने पर एक पोकलेन मशीन तथा एक गिट्टी डस्ट से भरी ट्रेक्टर ट्राली को जप्त करने में सफलता प्राप्त की इसके साथ ही खनिज अमले ने रेत भरकर उसका परिवहन करते पाए जाने पर चार ट्रेक्टर ट्रालियों को भी जप्त किया गया। परिवहन करने वाली इन ट्रेक्टर ट्रालियों को इछावर थाने में खड़ा किया गया है। जिला खनिज अधिकरी धर्मेन्द्र चौहान ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश के अनुरूप नर्मदा घाटों से निकाली जा रही अवैध रेत खनन के खिलाफ तो कार्रवाई की ही जा रही है। वहीं जिले भर में खनिज का दोहन करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरु की जा रही है। पकड़े गए वाहन के मामले दर्ज कर थानों में खड़े करवा एिए हैं।

### बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 136 में होगी कार्यवाही

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरुद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट अथवा उपाय एप या बिजली वितरण केन्द्र/जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की पूरी व्यवस्था की गई है। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। इसमें 3 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 में यह प्रावधान है।

---

# कैडेट्स ने सीखे आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक तरीके




**जागरण, सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय अग्रणी महाविद्यालय में कार्यालय कलेक्टरेट से प्राप्त आदेश के परिपालन में आपदा प्रबंधन पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता जी के संरक्षण तथा एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में 11वीं बटालियन एनडीआरएफ वाराणसी की टीम द्वारा एनसीसी कैडेट्स को आपदा प्रबंधन के दौरान स्वयं की सुरक्षा एवं दूसरों की सहायता करने के प्रभावी तरीकों की विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई। एनडीआरएफ टीम से उपस्थित इंस्पेक्टर श्री निलेश दीवानिया एवं उनकी टीम ने भूकंप आग तथा अन्य प्राकृतिक व मानवीय आपदाओं से बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को फायर फाइटिंग ड्रिल सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) तथा प्री-हॉस्पिटल ट्रीटमेंट जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। इन प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से कैडेट्स को आपदा की स्थिति में त्वरित, सुरक्षित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लगभग 60 एनसीसी कैडेट्स की सक्रिय एवं सराहनीय सहभागिता रही। यह प्रशिक्षण कैडेट्स के लिए न केवल उपयोगी सिद्ध हुआ बल्कि उनमें आपदा के समय सेवा साहस और नेतृत्व की भावना को भी सुदृढ़ करने वाला रहा।

### अक्षर साथियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**सीहोर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत संचालित नगर के पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में अक्षर साथियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण जिला कलेक्टर श्री बालागुरु के., जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सर्जना यादव (आईएएस) के निर्देशन में एवं जिला परियोजना समन्वयक श्री आरआर उइके के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में ब?ी संख्या में अक्षर साथियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिला सह समन्वयक श्री लखन लाल माहेश्वरी की उपस्थिति में ब्लॉक सह समन्वयक श्री गेंदराज विश्वकर्मा, संकुल प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर, संकुल सह समन्वयक शशिकला पाण्डेय, जन शिक्षक मीनाली साहू, सुमन सिंह मास्टर ट्रेनर, अमिता कसोटिया, सरला चौहान, सोनू जैन के द्वारा अक्षर साथियों को प्रशिक्षण दिया गया। सभी अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण की सराहना की। ब्लाक समन्वयक श्री गेंदराज विश्वकर्मा ने कहा कि किसी भी प्रकार के अभ्यास और प्रशिक्षण से व्यक्ति में दक्षता का विकास होता है और आत्मविश्वास से वृद्धि होती है। संकुल प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर ने कहा कि अक्षर साथियों के प्रशिक्षण से उनमें आगे ब?ने और बेहतर करने की क्षमता विकसित होगी।

# कलश यात्रा के साथ आरंभ ऋण मुक्तेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा समारोह



**जागरण, सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम शाहपुर कौड़िया में भव्य कलश यात्रा के साथ पंच दिवसीय एक कुण्डीय शिव शक्ति यज्ञ एवं ऋणमुक्तेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का श्रीगणेश किया गया।

मंदिर के पुजारी पंडित धर्मेन्द्र व्यास ने बताया कि बुधवार से पांच दिवसीय महोत्सव आरंभ हो गया है। ब?ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा उज्जैन पहुंचकर प्राचीन ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर ज्योत लेकर ग्राम पहुंचे। उन्होंने बताया कि महाकाल की नगरी उज्जैन में 84 महादेव मंदिरों का ब?ा महत्व है। श्रावण माह में महाकाल के दर्शन करने आने वाले भक्त 84 महादेव के दर्शन कर पुण्य प्राप्त करते हैं। इन 84 महादेव मंदिरों में एक श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव का मंदिर है, मान्यता है कि यहां होने वाली पीली पूजा करने से कई जन्मों के ऋण से मुक्ति मिल जाती है। अगर कोई धन का कर्ज नहीं चुका पा रहा हो या किसी की ज्योतिषियों ने जन्म कुंडली में पितृ ऋण या देवताओं का ऋण बताया हो, ऐसे में भगवान ऋणमुक्तेश्वर उन्हें सभी ऋणों से मुक्ति दिलाते हैं। हमारे क्षेत्र में भी उज्जैन की तर्ज पर ऋणमुक्तेश्वर महादेव की स्थापना की गई है। पांच दिवस तक यज्ञाचार्य पंडित राहुल पाठक के मार्गदर्शन में यज्ञ क्रिया का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को हवनारंभ किया जाएगा।

### गैर असंचारी रोग के उन्मुखीकरण हेतु प्रशिक्षण आयोजित

सीहोर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के शहरी एवं विकासखण्ड के समस्त मेडिकल ऑफिसर एवं संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को ह्ष्ष्ठ स्क्रीनिंग, जांच, उपचार एवं पोर्टल पर डाटा की एंट्री का प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण में स्टेट कंसलटेंट श्री अंकित चौरसिया एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ राजेश कुमार उपस्थित थे ।

---

### जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक संपन्न, नागरिक खुद भर सकेंगे स्व-गणना पोर्टल पर जानकारी

# नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी




**जागरण, सीहोर।** भारत की जनगणना 2027 को लेकर सीहोर जिले में तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर बालागुरू. के की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाएगा। प्रथम चरण मकान सूचीकरण का कार्य 01 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि जनगणना 2027 में स्व-गणना पोर्टल मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़ों का संकलन किया जायेगा। इसी क्रम में मकान सूचीकरण ब्लॉक क्रिएटर वेब पोर्टल के माध्यम से मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन किया जायेगा। जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली वेब पोर्टल के माध्यम से मैनेजमेंट एवं मॉनिटरिंग की जाएगी। जनगणना के लिये सीहोर जिले की प्रभारी यशस्वी ने जनगणना की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में मकान सूचीकरण ब्लॉक (के गठन, भवन नंबरिंग के दिशा-निर्देश, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ब्लॉक निर्धारण के मानदंडों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर जमील खान, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, उप संचालक जनसंपर्क देवेन्द्र ओगारे, पीओ डूडा प्रजापति, जिला सूचना अधिकारी एनआईसी अनिल तोमर उपस्थित थे। जनगणना 2027 में खास बात यह है कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। जन गणना प्रक्रिया में नागरिक स्वयं स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं। जनगणना के दौरान गणक के घर आने पन उन्हें यह जानकारी देनी होगी तब इस जानकारी को डिजिटल संकलित करेंगे। नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्वयं जानकारी स्व-गणना पोर्टल पर भर सकेंगे।

**जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान** नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, मकान की दीवार, छत और फर्श में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग और स्थिति की जानकारी ली जाएगी। इसके साथ ही परिवार, परिवार में रहने वाले सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, सामाजिक वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य) से संबंधित विवरण दर्ज किया जाएगा। जनगणना के दौरान पेयजल का मुख्य स्त्रोत, प्रकाश का स्त्रोत, शौचालय की उपलब्धता और उसका प्रकार, गंदे पानी की निकासी, रसोईघर एवं उसमें प्रयुक्त ईंधन की जानकारी भी ली जाएगी। इसके अलावा घर में स्नानघर, एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन, टेलीविजन, रेडियो, इंटरनेट सुविधा, कंप्यूटर, मोबाइल/स्मार्टफोन, साइकिल, स्कूटर, मोटर साइकिल, मोपेड, कार, जीप या वैन जैसी सुविधाओं और वाहनों की जानकारी भी शामिल है। परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य खाद्यान्न, परिवार में रहने वाले विवाहित दंपत्तियों की संख्या, परिवार के मुखिया का व्यवसाय तथा मकान के स्वामित्व की स्थिति से जुड़ी जानकारी भी जनगणना में दर्ज की जाएगी। राजपत्र में स्पष्ट किया गया है कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत एकत्र की गई सभी व्यक्तिगत जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रहेंगी और किसी भी न्यायालय, जांच या अन्य प्रयोजन के लिए साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं की जा सकेंगी। जनगणना 2027 में यह समस्त जानकारी डिजिटल माध्यम से मोबाइल एप और पोर्टल के जरिए एकत्र की जाएगी।

### निरंतर की जा रही है छापामार कार्रवाई

**सीहोर।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए जा रहे हैं एवं कार्रवाई की जा रही है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री आकाश चंदेल ने बताया कि जांच के दौरान कुबेरेश्वर धाम स्थित 03 दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई करते हुए 05 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। यह कार्रवाई कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री आकाश चंदेल एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा की गई।

## न्यूज कार्नर

### नवाचार एवं उद्यमिता गतिविधियों का आयोजन



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** राय साहब भंवर कॉलेज की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन समिति द्वारा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने हेतु आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस विषय पर विभिन्न नवाचार एवं उद्यमिता गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 27 जनवरी से 9 फरवरी तक कॉलेज परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों में तकनीकी नवाचार, उद्यमिता सोच एवं एआई के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एआई शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने एआई के व्यावहारिक उपयोग, स्टार्टअप संभावनाओं एवं आत्मनिर्भर भारत में इसकी भूमिका को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। इसके साथ ही एआई विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन किया गया, जिसमें श्री ज्ञानराव धोटे एवं श्री देवेंद्र कुशवाहा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, भविष्य की तकनीकें, रोजगार के अवसर एवं स्टार्टअप संस्कृति पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। संस्थान के प्राचार्य एवं इंटीस्टिट्यूशन इनोवेशन समिति के सदस्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### कलयुगी बेटे ने मां को पीटा, केस दर्ज

**जागरण, इटारसी।** समीपस्थ ग्राम घुघवासां में शराब के लिए पैसे न देने पर एक कलयुगी बेटे द्वारा अपनी ही मां के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार देर रात आरोपी देवेंद्र पटेल ने नशे की हालत में अपनी 55 वर्षीय मां मालती पटेल से शराब के लिए रुपयों की मांग की थी। मना करने पर आरोपी ने मां के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी, जिससे उनके सिर और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया। थाना प्रभारी संजीव पवार ने बताया कि आरोपी देवेंद्र पर मामला दर्ज कर लिया है।

### एसडीओ श्रुतिका का समाज ने किया सम्मान

**जागरण, इटारसी।** नर्मदांचल चौरिया कुर्मी समाज सेवा समिति, जिला नर्मदापुरम ने एक कार्यक्रम आयोजित कर समाज की श्रुतिका चौरे पिता जेएल चौरे का आत्मीय अभिनंदन किया। श्रुतिका चौरे का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में किया है। वर्तमान में वे अनुविभागीय अधिकारी के पद पर मुलताई, जिला बैतूल में पदस्थ हैं। उनकी इस उपलब्धि को समाज के लिए प्रेरणादायी मानते हुए समिति द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रुतिका चौरे की छोटी बहन डॉ. मानसी चौरे ने भी सहभागिता की। डॉ. मानसी का चयन भी उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा हुआ है और वर्तमान में वे ललितपुर में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चों को मोटिवेट करते हुए उन्हें शिक्षा और लक्ष्य प्राप्ति के प्रति जागरूक किया।

### बारिश से पहले शुरू होगा देवरी सिंचाई परियोजना का काम

**जागरण, इटारसी।** क्षेत्र के किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग अब रंग लाती नजर आ रही है। सिवनी-मालवा विधानसभा के केसला विकासखंड के अंतर्गत स्वीकृत देवरी/दौड़ी-झुनकर सिंचाई परियोजना का कार्य आगामी मानसून से पहले शुरू हो जाएगा। यह आश्वासन मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भोपाल स्थित वल्लभ भवन में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान दिया। तवा डैम आधारित यह महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना लगभग दो वर्ष पूर्व स्वीकृत हो चुकी थी, लेकिन तकनीकी कारणों और प्रक्रियात्मक देरी की वजह से अब तक धरातल पर कार्य शुरू नहीं हो सका था। इसके चलते केसला क्षेत्र के सैकड़ों किसान सिंचाई के लाभ से वंचित थे। जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अवगत कराया कि परियोजना में हो रही देरी से कृषि उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।

स्मार्ट मीटर को आग के हवाले करने का प्रयास, बैरंग लौटी टीम

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ सड़क पर उतरीं महिलाएं, आधे लगे मीटर उखाड़कर फेंके

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम को महिलाओं के विरोध का सामना करना पड़ा। महिलाओं ने स्मार्ट मीटर अपने घरों में लगवाने से साफ इनकार कर दिया। उसके बावजूद भी निजी कंपनी के कर्मचारी महिलाओं की सुनने को तैयार नहीं थे। लगभग एक दर्जन से भी अधिक सदस्यों ने आधा घंटे में ही 20 से भी अधिक घरों में स्मार्ट मीटर लगा दिए। टीम के सदस्य किसी की सुनने को तैयार नहीं थे। लगातार अनुनय विनय करने के बावजूद भी जब महिलाओं की बातों को अनसुना किया गया तो महिलाएं आक्रोशित हो गई। इस दौरान महिलाओं ने एक के बाद एक टीम के द्वारा घरों में लगाये गया मीटरों को वापस खुलवाए और अपने पुराने मी लगवाएं। महिलाओं का सबसे अधिक आक्रोश इस बात को लेकर था निजी कंपनी की टीम अपनी मनमानी पर उतारू थी। गौरतलब हैं कि बुधवार को नगर के वार्ड क्रमांक 1 में स्मार्ट मीटर लगा रही निजी कंपनी के कर्मचारी बिना किसी अनुमति के मीटर लगाने के लिए पहुंचे। इस दौरान कर्मचारियों के द्वारा अपनी मनमानी करते हुए बिना पूछे ही मीटर लगना शुरू कर दिया। जिसका विरोध वहां पर मौजूद मिश्रीलाल, रामभरोस गंगवाल, गणेश गौर, दौलत सिंह, सीताराम पेठारी, कैलाश हरियाले बृजलाल महेश एक्के, लक्ष्मण ऊईके,शिवकरण मेहरा, गोलूचौहान, रामबाबू हरियाले, रेवाराम पेठारी, जालम सिंह ने किया। विरोध के बावजूद भी निजी कंपनियों के कर्मचारियों ने अपना काम बंद नहीं किया। जिसके चलते आक्रोश और अधिक बढ़ गया।

### आग लगा देंगे पर मीटर नहीं लगने देंगे

निजी कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने में की जा रही मनमानी और महिलाओं की बातों को अनसुना करने पर महिलाएं भड़क उठी। इस दौरान कलाबाई पेंठारी, श्रीमती रेखा बाई महेश बांकरिया ने कहा कि बार-बार कहने के बावजूद भी मीटर लगाने पहुंचे कर्मचारी सुन नहीं रहे थे। एक दो नहीं बल्कि दर्जनों घरों में उन्होंने मीटर बिना अनुमति के लगा दिए थे। जब टीम ने मीटर लगाने की जिद की तो महिलाओं ने खुलेआम स्मार्ट मीटरों को जलाने चेतावनी दे डाली। भारी हंगामे के बीच निजी कंपनी के कर्मचारियों को वहां से निकले। महिलाओं का कहना है कि बिजली विभाग पहले उन घरों के बिल ठीक करे जहाँ पहले से ही हजारों के फर्जी बिल आ रहे हैं। महिलाओं का विरोध किस कदर था कि करीब डेढ़ दर्जन घरों में जो स्मार्ट मीटर आनन-फानन में लगाए गए थे उन्हें लोगों ने हटवा दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कर्मचारियों ने अपने हाथों से उन स्मार्ट मीटरों को खोलकर वापस पुराने लगाए।



### धमका कर लगा रहे थे मीटर: धावरे

घटनाक्रम की जानकारी मिलते हैं वार्ड के पार्षद प्रतिनिधी कैलाश धावरे मौके पर पहुंचे और उन्होंने निजी कंपनी के कर्मचारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कर्मचारी उपभोक्ताओं को डरा-धमकाकर मीटर थोपने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया सीहोर नगर में पहले ही जनता इसके खिलाफ मोर्चा खोल चुकी है। अब भैरूंदा के गरीबों को निशाना बनाया जा रहा है। बिना किसी पूर्व सूचना और लिखित आदेश के जबरन घरों में घुसना और मीटर बदलना सीधे तौर पर मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

### स्मार्ट मीटर- क्या है डर की मुख्य वजह?

स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के बीच यह बात घर कर गई है कि स्मार्ट मीटर प्री-पेड मोबाइल की तरह काम करेंगे। जिसमें पैसा खत्म होते ही रात के अंधेरे में भी बिजली गुल हो जाएगी। साथ ही चिप आधारित इन मीटरों की तेज रफ्तार और सर्वर चार्ज के नाम पर होने वाली अतिरिक्त वसूली से गरीब तबका बुरी तरह डरा हुआ है। वार्ड एक के निवासियों का यह भी कहना है कि प्रशासन गरीबों पर अन्याय करने के लिए ऊतारु हैं।

# बोर्ड परीक्षाओं के बीच आधी रात तक बज रहे डीजे

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। लेकिन नगर और ग्रामीण अंचलों में विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई करना चुनौती बन गया है। एक और जहां विद्यार्थी अपना भविष्य संवारने के लिए देर रात तक जागकर तैयारियों में जुटे हैं। वहीं दूसरी और शादी-विवाह के सीजन में आधी रात तक बजने वाले डीजे और लाउडस्पीकर उनकी पढ़ाई में बाधक साबित हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा परीक्षाओं को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के दावे तो किए जा रहे हैं। लेकिन कोलाहल नियंत्रण को लेकर कोई ठोस कार्रवाई धरातल पर नजर नहीं आ रही है। वर्तमान में वैवाहिक सीजन चरम पर है। जिसके चलते नगर के मांगलिक भवनों, गार्डन और रिहायशी इलाकों में देर रात तक डीजे और लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा रहा है। शासन के नियमानुसार रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित है। लेकिन भैरूंदा में यह नियम केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहा है। आधी रात तक सड़कों पर बारात निकलने का सिलसिला बना हुआ हैं, जिससे विद्यार्थियों की एकाग्रता भंग हो रही है। कक्षा 10 व 12 वी के विद्यार्थियों का कहना है कि डीजे का शोर उनके लिए सबसे बड़ी परेशानी है।

परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों ने बताया कि अंग्रेजी, गणित, विज्ञान जैसे कठिन विषयों और आने वाले अन्य महत्वपूर्ण प्रश्नपत्रों के लिए उन्हें शांतिपूर्ण माहौल की आवश्यकता है। कई विद्यार्थी देर रात तक और सुबह जल्दी उठकर रिवीजन करते हैं। लेकिन शोर के कारण वह न तो ठीक से सो पा रहे हैं और न ही पढ़ पा रहे हैं। इस मामले में जिला और स्थानीय प्रशासन ने बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर कोलाहल नियंत्रण को लेकर कोई कड़ा नियम या प्रतिबंधात्मक आदेश जारी नहीं किया है। जिसके कारण डीजे संचालकों के हौसले बुलंद हैं।



तहसील के ग्रामीण अंचलों लाड़कुई, छीपानेर, चकल्दी, वासुदेव, राला,और रेहटी क्षेत्र के गांवों में भी इस समय डीजे पर लाउडस्पीकर ने धूम मचा रखी है। ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी तंत्र की कमी के कारण शोर-शराबे पर कोई अंकुश नहीं है। प्रशासन ने नकल रोकने और केंद्रों के निरीक्षण के लिए उड़नदस्ते और जांच दल तो गठित कर दिए हैं। लेकिन केंद्रों के बाहर और रिहायशी इलाकों में हो रहे ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए अभी तक कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया है। विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों में भी प्रशासन की इस उदासीनता को लेकर आक्रोश है। अभिभावकों का कहना है कि प्रशासन को परीक्षा अवधि के दौरान कम से कम ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा देना चाहिए था। यदि समय रहते पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो इसका सीधा असर छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणामों पर पड़ सकता है।

**क्या कहता है नियम ?**

कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत परीक्षाओं के दौरान शांति क्षेत्र घोषित किए जाने का प्रावधान है। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग पूर्णतः वर्जित है। बावजूद इसके भैरूंदा में प्रशासन की सुस्ती विद्यार्थियों के भविष्य पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है।

## मल्टी स्पेशलिटी कैंप में चिकित्सकों ने दी परामर्श सेवाएं, मरीजों का किया इलाज

**जागरण बुधनी।** बुधवार11 फरवरी 2026 को वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सी एस आर पहल के अंतर्गत एक मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन स्वास्थ्य केंद्र पीली करार में किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 110 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ प्राप्त किया।इस अवसर पर वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी के यूनिट हेड एच. एम. त्रिपाठी, एडमिन हेड दिनेश के. टी. एवं एचआर हेड दीपक कुमार ने कैंप का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।कैंप का आयोजन वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी के वरिष्ठ अधिकारी शोएब मिर्जा एवं डिस्पेंसरी इंचार्ज दीपक सोनी के समन्वय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम पीली करार से महेश राठौर सरपंच घनश्याम उपस्थित रहे वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी सामाजिक दायित्वों के निर्वहन हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की जनकल्याणकारी पहलें जारी रखेगा।




## पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि से भाजपा का सदस्यता एवं निधि संग्रहण अभियान प्रारंभ

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** भाजपा मंडल ने बुधवार को पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई। विश्रामगृह में आयोजित इस कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंडित जी ने अपने जीवन में सादगी और ईमानदारी को अपनी शक्ति बनाकर जनसंघ की नींव रखी तथा एकात्म मानववाद का दर्शन दिया। आज देश के बड़े भूभाग पर उनके विचारों से प्रेरित सरकारें अंत्योदय एवं जनकल्याण के कार्य कर रही हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक संपूर्ण पुस्तकालय के समान है। जिससे समाज के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पंडित जी का योगदान सदैव अमर रहेगा।

मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं आजीवन सहयोग निधि संग्रहण की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान भैरुदा मंडल के प्रत्येक बूथ पर पंडित जी की पुण्यतिथि का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में चंद्रकांत खंडेलवाल अनीता लखेरा,.अल्का चौहान, रचना भारी, भाग्य श्री सोनी, कपिल खंडेलवाल, दीनबंधु कुशवाह, अनिल जैन, ओम पटेल, महेंद्र परिहार, सुनील माहेश्वरी, ओम राठौर, लोकेश शर्मा, तरुण मालवीय, मोहित अग्रवाल, राजा राठौर, रामकृष्ण पंवार, भवानी राजपूत, नीतू पटेल, चतुर्भुज सोलंकी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन महामंत्री कपिल खंडेलवाल द्वारा किया गया।



## समर्पण दिवस के रूप में मनाई उपाध्याय की पुण्यतिथि



**जागरण बुधनी।** भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में मनाई गई यह समर्पण दिवस के रूप में भी मनाई जाती है जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय मंडल अध्यक्ष संतोष गौर जिला मंत्री राजेश पाल किशन मालवीय महेश राठौर सतीश गुप्ता दुर्गेश कीर श्रीमती रामवती नायर दीपक यादव विनोद गौर राजा पटेल श्रीकांत शर्मा प्रभात भदोरिया श्रीमती शिवानी यादव पंकज जाट राजू मालवीय सरपंच राजेश कलाम सरपंच अनोखी लाल कलाम सरपंच हितेश पटेल मुकेश नायर मनीष वाजपेई राहुल रिठौरिया सोनू सारवन हीरालाल पूर्व सरपंच शाहिद भाजपा के कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## 116 हितग्राहियों को प्रथम किस्त वितरित

**जागरण बुधनी।** बुधवार 11 फरवरी को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 बी.एल.सी. घटक के अंतर्गत कार्यालय के सभा कक्ष में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता अर्जुन मालवीय द्वारा की गई

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में उनकी विचारधारा के अनुरूप अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 1 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किए गए।कार्यक्रम में नगर के समस्त 15 वार्डों के 116 पात्र हितग्राहियों का हार-फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रथम किस्त के रूप में एक लाख रुपये की राशि एवं स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।अध्यक्ष श्रीमती मालवीय ने हितग्राहियों को शासन की मंशा के अनुरूप समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा योजना का लाभ पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ लेने का आग्रह किया

कार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर अर्जुन मालवीय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी, भाजपा जिला मंत्री राजेशपाल, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा, पार्षद प्रभात भदौरिया, प्रवीण चौहान, श्रीकांत शर्मा, संतोष राजपूत, श्रीमती आरती किशन मालवीय, ज्योति पंजाबी, रजनी हरदयाल आजाद, सुनील कैथवास, राहुल रीठौरिया सहित समस्त पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।



**आवश्यकता हैं**

गल्ला मंडी भोपाल रोड भैरूंदा के सांई बजाज शोरुम पर सेल्स गर्ल की आवश्यकता हैं। अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार ।

संपर्क करे
7425014543
बायोडाटा व्हाट्सअप
9826988098

In The Court Of I Additional Judge To 1 Civil Judge Class-1. District Court, Nasrullaganj
Presiding Officer : प्रगति मित्रा

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
MjC SUC/0000001/2026)
श्रीमती सती बाई पंवार.........................आवेदक
V/s
रामोतार (मृत) ..........................................अनावेदक
Process Id- /2026
पेशी दिनांक :- 24/02/2026

प्रेषिती -
(1) सर्वसाधारण पता सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सतीबाई पंवार पता ने मृतक रामोतार पंवार निवासी वार्ड नं 3 नसरुल्लागंज कुल रकबा 2.1760 हेक्टेयर की भूमि सर्वे नंबर 86/1(S), 232/3/1/1/1(S), 235/1, 233, 255/232, 256/232 कुल रकबा 2.1760 व वार्ड क्रमांक 3 में मकान राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 24 फरवरी 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में यह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 24 फरवरी 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 05 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
प्रगति मित्रा
न्यायाधीश

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

नन्हे कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा, संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत संगम

# श्री शोभा इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक उत्सव का रंगारंग आयोजन

**जागरण बुधनी।** बुधनी नगर के श्री शोभा इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर सांस्कृतिक वातावरण से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि उपस्थित अभिभावक और अतिथि मंत्रमुग्ध हो गए।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया। नए और पुराने दौर के लोकप्रिय गीतों पर आधारित समूह नृत्य एकल नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।विशेष आकर्षण भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। विद्यार्थियों ने रामायण और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को मंच पर जीवंत कर भारतीय संस्कृति और परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। पारंपरिक वेशभूषा, भाव-भंगिमा और संवादों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में आधुनिकता और परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला। जहां एक ओर बच्चों ने देशभक्ति गीतों और लोकनृत्यों के माध्यम से भारतीय संस्कृति का प्रदर्शन किया, वहीं दूसरी ओर आज के दौर के गीतों पर ऊर्जावान प्रस्तुतियों ने युवाओं का उत्साह बढ़ाया।इस अवसर पर एक खास पल तब आया जब बच्चों के अभिभावक भी मंच पर अपने बच्चों के साथ नृत्य करते नजर आए। माता-पिता और बच्चों की संयुक्त प्रस्तुति ने पारिवारिक स्नेह और विद्यालय के प्रति जुड़ाव को दर्शाया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर कार्यक्रम में बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए विशेष रूप से उपस्थित रहे नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय एसडीएम दिनेश तोमर तहसीलदार ललित सोनी विजय सिंह राजपूत अजय पाल सिंह सचिन तोमर सुरजीत सिंह रजनी हरदयाल सिंह आजाद धीरेंद्र तिवारी दीपेश चिंटू शर्मा कमलेश यादव आदि उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साह वर्धन किया विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के समर्पित प्रयासों से कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## परीक्षाओं के दौरान ध्वनि विस्तारकों पर प्रतिबंध

**जागरण आगर-मालवा।** बोर्ड परीक्षाओं के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं परीक्षा की पवित्रता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी आगर-बडौद मिलिंद ढोके द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व से परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा केंद्रों से 100 गज की परिधि में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश एवं अवांछनीय गतिविधियां पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। साथ ही विद्यार्थियों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्रों जैसे लाउडस्पीकर एवं डीजे के उपयोग को नियंत्रित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण ;विनियमन एवं नियंत्रणद्ध नियम 2000 ;यथासंशोधितद्ध के तहत निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन अनिवार्य रहेगा। नियमों के अनुसार औद्योगिकए वाणिज्यिकए आवासीय एवं साइलेंस जोन के लिए दिन एवं रात्रि की ध्वनि सीमा निर्धारित है, जिसका सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा।

विवाह समारोह, धार्मिक आयोजन अथवा अन्य कार्यक्रमों में डीजे एवं लाउडस्पीकर का उपयोग निर्धारित ध्वनि सीमा में तथा संबंधित तहसीलदार आगर/बडौद से विधिवत अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही किया जा सकेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले आयोजकों के विरुद्ध मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आदेश 10 फरवरी 2026 से 10 मार्च 2026 तक प्रभावशील रहेगा।

## अस्पताल से लौट रहे मां-बेटे की बाइक को कार ने मारी टक्कर

**जागरण शाजापुर।** गैस गोदाम रोड के सामने तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन जब चालक ने पीड़ितों के साथ गाली-गलौज शुरू की, तो मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और लंबा जाम लग गया। बाद में पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। जानकारी के अनुसार, अभिजीत सूर्यवंशी अपनी मां रेखा सूर्यवंशी के साथ एक निजी अस्पताल से इलाज करवाकर बुधवार दोपहर बाइक से घर लौट रहे थे। दोपहर करीब 1 बजे गैस गोदाम रोड के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में रेखा सूर्यवंशी के पैर में चोट आई है।

## कदवाया पुलिस ने पकड़ी कच्ची शराब

**अशोकनगर।** कदवाया पुलिस ने श्यामगढ़ के जंगल में नाले के पास से 55 लीटर शराब जप्त की है। इस मामले में पुलिस ने पुष्पेन्द्र गुर्जर, पवन गुर्जर निवासी श्यामगढ़, सुरजीत उर्फ सित्ते सरदार, रंजीत सरदार, किंदे उर्फ कुलविंदर सरदार पर आबकारी एक्ट की धारा 34/2 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जप्त शराब की कीमत 8250 रुपये है।

## पति ने की मारपीट

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरौदा में एक महिला के साथ उसके पति ने मारपीट कर दी। इस संबंध में रेखा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेरी ससुराल में पति नीलम सिंह अहिरवार ने मुझे गंदी-गंदी गालियां दीं और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं एक अन्य मामले में गोलू पिता राजाराम बंजारा निवासी लालमन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नीलेश बंजारा ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

## जननी एक्सप्रेस की आड़ में चुराए गए गहने जब्त

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाना क्षेत्र में जननी वाहन का सहारा लेकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में जननी वाहन के ड्राइवर ने पारदी गिरोह के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई थी। इस मामले में पुलिस जननी वाहन के ड्राइवर को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है अब इस मामले में पुलिस ने चोरी के अन्य आरोपियों को राजगढ़ जेल से न्यायालय के आदेश पर प्रोडक्शन वारंट पर लिया और फिर पुलिस रिमांड लेकर उनसे पूछताछ की, जिसके बाद पुलिस ने चोरी गए सोने के करीब एक तौला वजनी पेंडल और अंगूठी जप्त किए हैं। थाना कदवाया क्षेत्र के ग्राम ईंदौर में कुछ समय पहले एक ही रात में तीन घरों में चोरी का मामला सामने आया था। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए चोरी के मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया था। वहीं करीब 1 लाख 40 हजार रुपये का माल जप्त किया गया था। ग्राम ईंदौर में हुई चोरियों की पतारसी में मुखबिर सूचना पर से आरोपीगणों महावीर पारदी, संदीप पारदी और रामबाबू पारदी निवासीगण ग्राम बीलाखेडी थाना धरनावदा जिला गुना के संबंध में उस गांव के मुखबिरों से चर्चा की। तीनों राजगढ थाने के मामले में राजगढ़ जेल में बंद हैं।

# सोलर प्लांट से चोरी गई 31 सोलर प्लेट मय टाटा मेजिक वाहन सहित बरामद

**चार आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**जागरण शाजापुर।** जिले की मोहन बड़ोदिया पुलिस ने एनटीपीसी सोलर प्लांट में हुई चोरी की एक बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई 31 सोलर प्लेटें और घटना में प्रयुक्त टाटा मैजिक वाहन सहित कुल 7 लाख 25 हजार 808 रुपये का मशरुका बरामद की है।



### क्या है पूरा मामला?

घटना 21-22 जनवरी 2026 की दरमियानी रात की है। ग्राम बुरलाय-देहरीपाल स्थित एनटीपीसी सोलर प्लांट के ब्लॉक क्रमांक 12 से अज्ञात बदमाशों ने स्पेयर में रखे सोलर प्लेटों के बंडल में से एक बंडल चोरी कर लिया था। फरियादी सुपरवाइजर पंकज गुर्जर (करणी सील्ड कंपनी) की रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षकयशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल ने टीम गठित कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पता चला कि आगर जिले की बड़ोद पुलिस ने चोरी के कुछ संदिग्धों को पकड़ा है। जब मोहन बड़ोदिया पुलिस ने इन संदिग्धों से सख्ती से पूछताछ की, तो उन्होंने सोलर प्लांट में चोरी की बात कबूल कर ली। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने सोलर प्लेटें चोरी करके टाटा मैजिक वाहन में भरकर बेचने के लिए आपस में बांटकर बुरलाय के जंगल में छिपा दी थीं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर जंगल से 31 सोलर प्लेटें कीमत 2,75,808 रुपये और वाहन कीमत 4,50,000 रुपये जब्त किया। मामले में आरोपी नितेश सोलंकी (24 वर्ष), निवासी ग्राम चौमा डाक बंगला, धर्मेन्द्र सिंह 23 वर्ष, निवासी ग्राम चौमा डाक बंगला, विशाल कटारिया (19 वर्ष), निवासी ग्राम सागडिया, अर्जुन सूर्यवंशी (23 वर्ष), निवासी ग्राम सागडिया को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी हैं और इनके खिलाफ पहले से ही जिला आगर के थाना बड़ोद और जिला शाजापुर में चोरी के कई अपराध दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल, उप-निरीक्षक के.एन. यादव, सउनि सुभाष पटेल, सउनि विजय सिंह, सउनि लाखन सिंह राजपूत और पुलिस टीम के आरक्षकों की मुख्य भूमिका रही।

### देशी कट्टे के साथ युवक धराया

**जागरण बेरछा।** स्थानीय कृषि उपज मंडी से पुलिस ने एक देशी बारह बोर कट्टे के साथ युवक को पकड़ा। बेरछा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर मंगलवार सुबह थाने के समीप स्थित कृषि उपज मंडी परिसर से बालचंद पिता बलदेव निवासी रेहली को देशी बारह बोर कट्टे के साथ पुलिस ने पकड़ा है। बेरछा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपित को न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भरत सिंह किरार, प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा, रामपाल सिंह राठौड़, आरक्षक रूपसिंह की भूमिका रही।

# सड़क पर जिंदगी की क्लास, पुलिस ने सिखाया सीपीआर

**पुलिस ने सिखाया- जब धड़कन थमने लगे, तो कैसे बनें किसी के लिए मददगार**

**जागरण शाजापुर।** बुधवार की दोपहर। घड़ी में 1 बज रहे थे। टंकी चौराहा और दुपाड़ा रोड पर गाड़ियों का शोर हमेशा की तरह था, लेकिन अचानक वहां एक अलग ही हलचल शुरू हुई। पुलिस की वर्दी और डॉक्टरों के सफेद कोट एक साथ नजर आए। वहां कोई वीआईपी मूवमेंट नहीं था, और न ही कोई चेकिंग अभियान चल रहा था। वहां चल रही थी सांसों को रीस्टार्ट करने की ट्रेनिंग। अक्सर ट्रैफिक पुलिस को हम नियमों का पाठ पढ़ाते देखते हैं, लेकिन इस बार मामला सीधा जिंदगी से जुड़ा था। यातायात पुलिस और जिला अस्पताल के डॉक्टरों की जुगलबंदी ने सड़क को ही क्लासरूम बना दिया। मिशन लाइफ सेवर डॉक्टरों की टीम ने बीच सड़क पर राहगीरों को रोका, लेकिन चालान के लिए नहीं, बल्कि उन्हें सीपीआर की ताकत समझाने के लिए।



डॉक्टरों ने समझाया कि अगर किसी की धड़कन अचानक रुक जाए या एक्सीडेंट के बाद सांस अटकने लगे, तो एम्बुलेंस का इंतजार करने में जो वक्त बर्बाद होता है, वही सबसे खतरनाक है। ऐसे में आपके दो हाथ किसी की जान बचा सकते हैं। सूबेदार रवि वर्मा ने बताया कि सिर्फ बातों से नहीं, बल्कि डॉक्टरों ने डमी पर करके दिखाया कि छाती पर कितना दबाव देना है और किस तरह मरीज को सांस देनी है। आम जनता ने भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जो लोग तमाशबीन बनकर खड़े थे, वे आगे आए और खुद सीपीआर देने का अभ्यास किया। पुलिस का संदेश साफ था, हादसे बताकर नहीं आते, लेकिन अगर आप तैयार हैं, तो किसी के घर का चिराग बुझने से बचा सकते हैं।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**जागरण नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा की रासेयो योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर गांव निपानिया खिंची में आयोजित हो रहा था। जिसका समापन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जी एल रावल की अध्यक्षता एवं पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय आगर मालवा के प्राचार्य डॉ डीपी चतुर्वेदी मुख्य अतिथिए विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत कचनारिया के सरपंच विक्रमसिंह बोड़, विशेष अतिथि जन अभियान परिषद के ब्लाक संयोजक प्रकाशचन्द्र शर्मा, महेश पाटीदार, बलराम सिंह सिसोदिया, प्रधानाचार्य विद्यालय महेश सोनी, रूखमणी सूर्यवंशी, प्रकाश सूर्यवंशी,अर्चना स्वर्णकार,हंसा कुशवाह, डॉ रंजू गुप्ता, के विशेष आतिथ्य एवं महाविद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में किया गया।

# पंडित जी का विचार, स्वदेशी से ही भारत आत्मनिर्भर बनेगाः जिलाध्यक्ष

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन किए अर्पित**

**जागरण अशोकनगर/मुंगावली।**

एकात्म मानववाद के प्रणेता,भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के निर्देशन में जिले भर के सभी 778 बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पंडित उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा मुंगावली विधानसभा के बूथ क्रमांक 151 पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



इस दौरान मुंगावली में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। स्वदेशी की प्राथमिकता रखते हुए वह विश्व स्तर पर हो रहे नवाचारों को अपनाने के भी कतई खिलाफ नहीं थे। उनका मानना था कि स्वदेशी से ही भारत आत्मनिर्भर बनेगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके बताएं मार्ग पर चलते हुए देश में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की भावना को लेकर चलते हुए आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लिया गया है और इसी और देश अग्रसर हो रहा है, स्वदेशी को अपनाने का आवाह्न किया जा रहा है। हमारे पूर्वजों ने जो विकसित भारत का स्वप्न देखा था उसे प्रधानमंत्री पूरा करने की ओर अग्रसर है। आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन। इस दौरान जिला महामंत्री नरेश ग्वाल जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, मनीष मोदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय प्लेटफार्म नंबर दो पार्किंग के पास नगर मंडल द्वारा तथा सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर पछार मंडल द्वारा पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर पंडित उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, दीपक शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी, मंडल महा मंत्री रामबाबू दुबे,उपाध्यक संतोष ओझा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत सिकरवार, अनु मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेंद्र जाटव,चंदेरी मंडल मंत्री संतोष लिटौरिया बंटी,पिपरई मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव लालू, विमल प्रजापति, अर्पित सोनी, आदित्य तोमर, जितेंद्र भार्गव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला चिकित्सालय के उन्नसयन के संबंध में विस्तोर से चर्चा कर आवश्यक निर्देश एवं निर्णय लिये गये। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में कराये जाने वाले निर्माण कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कराया जाना सुनिश्चित करें। शासन स्तर से जो भी अनुमति लेना है, उसके लिए प्रस्ताव भेजे जाएं। बैठक में चिकित्सालय की भण्डार शाखा एवं औषधि वितरण केन्द्र के सुचारू संचालन हेतु 02 कम्प्यूटर एवं 02 प्रिन्टर क्रय किये जाने,रिकार्ड रूम में रिकार्ड के सुरक्षित संधारण हेतु 20 हेवी रैक क्रय किये जाने, जिला चिकित्सालय में स्थापित वाटर कूलर्स के साथ आरओ वाटर प्यूरीफायर की स्थापना, भण्डार शाखा में औषधि एवं सामग्री के सुरक्षित भण्डारण हेतु 20 हेवी रैक क्रय किये जाने,, ब्लाईंड स्पॉट की पहचान कर 20 अतिरिक्त सीसीटीव्ही कैमरों की स्थापना,ऑडियोमेट्री मशीन के क्रय की अनुमति अथवा दान कराये जाने हेतु चर्चा कर निर्णय लिये गये।

## पुराने बाजार में लग रहा दिनभर जाम,बेतरतीब खड़े रहते हैं वाहन

**जागरण अशोकनगर।**

शहर के पुराना बाजार में पूरे समय जाम की स्थिति बनी रहती है। बाजार खुलते ही यहां जाम की स्थिति बनती है जिससे लोग दिनभर परेशान होते हैं। अस्थाई अतिक्रमण और बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण लोग जाम में फंस जाते हैं।



गांधी पार्क से लेकर पुराना बाजार में स्थित नीम के पेड़ के पास तक सबसे ज्यादा जाम की स्थिति बनती है। दुकानदार अपने वाहन तो यहां खड़े करते ही हैं साथ ही जो ग्राहक आते हैं वे भी वाहनों को सड़क पर ही कहीं भी खड़ा करके दुकानों में चले जाते हैं। इससे जाम लगने लगता है बाद में जब अन्य तिपहिया, चार पहिया वाहन आते हैं तो फिर जाम और विकट हो जाता है इस कारण लोग बार-बार हॉर्न बजाते हैं इससे ध्वनि प्रदूषण भी फैलता है इस मार्ग पर अस्थाई अतिक्रमण हटाने और सड़क पर वाहन पार्क करने वालों पर कार्यवाही की जरूरत है।

**यातायात पुलिस और नपा प्रशासन नही करता कार्रवाईः** यातायात पुलिस और नगरपालिका प्रशासन द्वारा इस मार्ग पर दुकानदारों पर कोई ठोस कार्रवाई नही करने के कारण इनके द्वारा लगातार व्यवस्थाएं बिगाड़ने का काम किया जाता है। वाहनों को बीच सड़क पर खड़े करने से रोकने जैसे प्रयास भी इनके द्वारा नही किए जाते, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## शॉर्टकट के फेर में बड़ा हादसा टला, चेतावनी अनसुनी कर संकरी गली में घुसा डंपर



**जागरण शाजापुर।** शहर के काशी नगर क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब शॉर्टकट के चक्कर में मुरम से भरा एक भारी-भरकम डंपर अनियंत्रित होकर एक रिहायशी मकान से जा टकराया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन चालक की लापरवाही से एक बड़ा हादसा हो सकता था। घटना बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर चालक मुख्य मार्ग छोड़कर शॉर्टकट लेने के प्रयास में एक संकरी गली में घुसने की कोशिश कर रहा था। गली छोटी होने के कारण स्थानीय निवासियों ने चालक को रोकने और वहां न जाने की चेतावनी भी दी, लेकिन चालक ने लोगों की बातों को अनसुना कर डंपर को जबरन गली में मोड़ दिया। गली में घुसते ही डंपर का एक पहिया सड़क किनारे बने नाले में धंस गया। इससे वाहन का संतुलन बिगड़ा और वह झुककर पास स्थित एक मकान से जा भिड़ा। हादसे के वक्त मकान के बाहर कुछ लोग मौजूद थे, जिन्होंने डंपर को अपनी ओर आता देख तुरंत वहां से हटकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चालक की घोर लापरवाही पर भारी नाराजगी व्यक्त की।

## शिव-पार्वती विवाह उत्सव में रमी हल्दी-उबटन की रस्म, 14 को भव्य बारात



**जागरण शाजापुर।** शहर के धानमंडी चौराहा स्थित प्राचीन ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में शिव-पार्वती विवाह महोत्सव का उल्लास छाया हुआ है। 10 फरवरी से शुरू हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में हर दिन विशेष आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को मंदिर परिसर में हल्दी-उबटन और भजनों की धूम रही। महोत्सव के तहत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भगवान को उबटन लगाया गया। इस दौरान आयोजित भजन संध्या में महिला श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के मंगल गीत गाए और भजन कीर्तन किया। मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश गोस्वामी ने बताया कि विवाह उत्सव अब अपने मुख्य पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया 14 फरवरी दोपहर 3 बजे मंडप छाया का कार्यक्रम होगा और शाम 5 बजे धूमधाम से भगवान शिव की वर निकासी बारात नगर भ्रमण के लिए निकलेगी। 15 फरवरी को गोधूलि बेला के शुभ मुहूर्त में भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न होगा। 17 फरवरी को विधिवत समापन महाप्रसादी के साथ होगा।

## शराब परिवहन कर रही बाइक जब्त



**जागरण ईसागढ़।**

ईसागढ़ पुलिस ने हाथभट्टी की बनी साढ़े 72 लीटर हाथ भट्टी की बनी अवैध कच्ची शराब जप्त की है। जप्त शराब की कीमत 10875 रूपये है। साथ ही पुलिस ने जिस बजाज प्लेटिना मोटर साईकिल से शराब ले जाई जा रही थी उसे भी जप्त कर लिया गया है।

जप्त मोटरसाइकिल की कीमत करीब 60 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उस पर आबकारी एक्ट की धारा 34/2 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। 10 फरवरी को सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी ईसागढ उनि मीना रघुवंशी द्वारा टीम गठित कर मोहचार-पिपरौदा के कच्चे रास्ते पर दबिश देकर आरोपी रंजीत उर्फ रणजीत सिंह पुत्र प्रीतम सिंह सिक्ख उम्र 39 साल निवासी ग्राम पैरवा ईसागढ के कब्जे से दो प्लास्टिक की केनों में कुल 72.5 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब कीमत करीब 10875 रुपये एवं उक्त शराब के परिवहन में प्रयुक्त बजाज प्लेटिना मोटर साईकल कीमत करीब 60 हजार रुपये जप्त कर उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 62/26 धारा 34/2, 36, 46 आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर उक्त आरोपी को न्यायालय पेश किया गया।

आरोपी शराब बेंचने का आदी है जिसके विरूद्ध पूर्व से 07 प्रकरण आबकारी एक्ट एवं 04 प्रकरण अन्य धाराओं में कुल 11 प्रकरण पूर्व से ही पंजीबद्ध है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ईसागढ उनि मीना रघुवंशी, सउनि मनजीत त्रिवेदी, प्रआर अवनीश पाठक, मनोज कुमार, हरिसिंह रघुवंशी, दिनेश कुमार,आरक्षक विश्वनाथ सिंह, रूपेन्द्र तोमर, देवेन्द्र लोधी, अर्जुन शर्मा, महेश मांझी की सराहनीय भूमिका रही।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया की तत्परता से घायल युवक को मिली मदद

**भोपाल के लिए उपलब्ध कराई गई एम्बुलेंस**

**जागरण मुंगावली।**

केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की एक मदद एक युवा के लिए वरदान साबित हुई, जिससे गंभीर घायल युवक को उपचार के लिए भोपाल भेजा गया दअरसल नगर के आदर्श उम्र 25 साल एक दुकान पर अपने मित्र के साथ के सामान ले रहे थे तभी उन्हें अचानक से चक्कर आ गया ओर वह जमीन पर गिर गया।

जिसे प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल भोपाल ले जाना था मगर इतने जल्दी कोई वाहन उपलब्ध न होने के कारण उसके परिजन परेशान हुए जिसके बाद भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी और समाज के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल में एकत्रित हुए और फिर जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी ने इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को दी जिसपर उन्होंने तत्काल ही एक एम्बुलेंस की व्यवस्था कराई और इलाज के लिए भोपाल भेजा गया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी ने बताया कि युवक को तत्काल उपचार की जरूरत थी जिसके बाद उनके द्वारा इस घटना की पूरी जानकारी सिंधिया को दी गई ओर उन्होंने तुरंत ही व्यवस्था कराई साथ इस मामले में जब तक उक्त युवक को सही उपचार नहीं मिल गया। तब तक वह उनके संपर्क में रहे और जानकारी लेते रहे और डाक्टरों की टीम से सभी जांच करी ओर जांच रिपोर्ट सभी नॉर्मल आई। जिसपर उक्त युवक के परिवार जन ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार माना।

## न्यूज कार्नर

### संस्था नमो नमो की शिव बारात 15 को

**जागरण, देवास।** संस्था नमो-नमो द्वारा इस वर्ष महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लगातार 13 वे वर्ष में भी भव्य एवं अनूठी शिव बारात का आयोजन किया जा रहा है। शिव बारात रविवार 15 फरवरी को सायं 5 बजे सयाजी द्वार से प्रारंभ होगी। संस्था संयोजक राजेश यादव एवं अध्यक्ष वरुण अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष की शिव बारात को विशेष रूप से आकर्षक एवं भव्य रूप दिया गया है। देश के विभिन्न राज्यों से कलाकार इसमें शामिल होंगे। केरल की प्रसिद्ध ढोल पार्टी, गुजरात की महिलाओं की डमरू पार्टी, उत्तर प्रदेश की सजीव झांकियां, रतलाम की चलित झांकियां तथा बेरसिया के कलाकारों द्वारा देवताओं की सजीव झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। शिव बारात में भगवान भोलेनाथ नंदी पर सवार होकर माता पार्वती को ब्याहने के लिए प्रस्थान करेंगे, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### लापरवाही बरतने पर शिक्षक निलंबित

**जागरण, देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शिक्षक जितेन्द्र कुमार सोलंकी को पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवास रहेगा तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। आदेश में उल्लेख है कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल की परीक्षा वर्ष 2025-26 की गोपनीय सामग्री का वितरण विकासखंड कन्नौद, खातेगांव एवं बागली के परीक्षा केंद्रों को जिले की समन्वयक संस्था उत्कृष्ट विद्यालय देवास से किया गया था। परीक्षा केंद्र शासकीय हाईस्कूल बरवई विकासखंड खातेगांव पर नियुक्त सहायक केन्द्राध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सोलंकी द्वारा लापरवाही बरती गई एवं सामग्री प्राप्त करने के लिए उपलब्धि नहीं हुए।

### ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल व प्रदर्शन आज

**जागरण, देवास।** केंद्र सरकार की श्रम, कृषि और आर्थिक नीतियों के विरोध में देश की 10 से अधिक प्रमुख ट्रेड यूनियनों द्वारा 12 फरवरी को राष्ट्र व्यापी आम हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया जाना है। इंटक प्रदेश मीडिया प्रभारी कैलाश वर्मा ने बताया कि इस हड़ताल में बड़े पैमाने पर भागीदारी की संभावना है। देवास में यह हडताल व धरना प्रदर्शन सिविल लाईन चौराहा स्थित एलआईसी क्रमांक 2 पर प्रातः 10.30 बजे से होगी।

### खातेगांव सामुदायिक केंद्र पर रक्तदान शिविर आज

**जागरण,खातेगांव।** 12 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर खातेगांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। डॉ. तुषार गुप्ता खंड चिकित्सा अधिकारी ने आम जन से अपील की है कि जो भी भाई-बहन रक्तदान करने के इच्छुक हो, वे 12 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच अस्पताल परिसर में उपस्थित रहे। रक्तदान के समय जो विभिन्न जांच होती है, वह सभी जांच निशुल्क की जाएगी।

### नेत्रदानी परिजन को आभार पत्र भेंट



**जागरण, सोनकच्छ।** मंगलवार को नगर के प्रसिद्ध साहित्य एवं शिल्पकार रमेशचंद्र सिसोदिया का निधन हो गया। परिजनों की सहमति से उनके नेत्रदान किए। इंदौर की एक आई बैंक टीम द्वारा नेत्र संग्रह कर परिजनों को आभार पत्र भेंट किया। इस कार्य में समाजसेवी सौभागसिंह ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

### एसडीओ श्रुतिका का समाज ने किया सम्मान

**जागरण, इटारसी।** नर्मदांचल चौरिया कुर्मी समाज सेवा समिति, जिला नर्मदापुरम ने श्रुतिका चौरे पिता जेएल चौरे का आत्मीय अभिनंदन किया। श्रुतिका चौरे का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में किया है। वर्तमान में वे अनुविभागीय अधिकारी के पद पर मुलताई, जिला बैतूल में पदस्थ हैं। उनकी इस उपलब्धि को समाज के लिए प्रेरणादायी मानते हुए समिति द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में श्रुतिका चौरे की छोटी बहन डॉ. मानसी चौरे ने भी सहभागिता की।



# वाहन निकालने की बात पर भाजपा नेता ने की न्यायाधीश से अभद्रता

## पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया, प्रशासन ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर





**देवास।** देवास के एक भाजपा नेता को एक न्यायाधीश के साथ अभद्रता करना महंगा पड़ गया। इस मामले में जहां पुलिस ने भाजपा नेता के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। वहीं प्रशासन ने भी मामले में सख्त रूख अपनाते हुए भाजपा नेता के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया। उधर अभिभाषक संघ ने भी इस मामले में आरोपियों की पैरवी नहीं करने का निर्णय लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 फरवरी की सुबह करीब 10.20 बजे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रसन्न सिंह बहारावत अपने घर से न्यायालय जा रहे थे। तभी धन लक्ष्मी मैरिज गार्डन के पास सड़क पर भाजपा नेता पंकज धारू और उसके साथियों ने स्कॉर्पियों वाहन बीच सड़क में खड़ी कर दी, जिससे उनका वाहन आगे नहीं निकल सका। न्यायाधीश रास्ता खुलवाने के लिए वाहन हटाने का कहने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब न्यायाधीश ने कार्रवाई के उद्देश्य से मोबाइल से वाहन की फोटो लेने की कोशिश की तो आरोपियों ने फोटो लेने से रोक दिया और उन्हें घेरकर कार का दरवाजा खोलने नहीं दिया। घटना के दौरान आरोपियों द्वारा पालतू कुत्तों से हमला करने का प्रयास करने का भी उल्लेख शिकायत में किया गया है। न्यायाधीश की शिकायत पर नाहर दरवाजा पुलिस ने पंकज धारू, भीम धारू सहित अन्य व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। इस मामले को लेकर अभिभाषक संघ अध्यक्ष अशोक वर्मा ने निर्णय लिया कि आरोपी के पक्ष में संघ का कोई भी अभिभाषक पैरवी नहीं करेगा।

### शासकीय कांकड़ की करीब सवा बीघा जमीन पर था कब्जा

**न्यायाधीश के** साथ अभद्रता मामले को जिला प्रशासन ने भी गंभीरता से लिया है। प्रशासन ने पंकज धारू के दो अवैध निर्माणों पर बुलडोजर एक्शन लिया है। तहसीलदार सपना शर्मा ने बताया कि भोपाल रोड स्थित देवास ग्रीन कॉलोनी में रास्ते पर पंकज धारू ने अतिक्रमण कर रखा था, उसे हटाया गया है। इसके बाद ब्राह्मणखेड़ा बिलावली मार्ग पर स्थित शासकीय कांकड़ की करीब सवा बीघा जमीन पर पोल्ट्री फार्म बनाकर अतिक्रमण किया गया था, जिसे भी हटाया गया है। तहसीलदार ने बताया कि पूर्व में भी हमने नोटिस जारी किए और न्यायालय से आदेश जारी किया जा चुका है, लेकिन आदेशों की अवहेलना की जा रही थी। चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन बलपूर्वक कार्रवाई करनी पड़ी।

**गाड़ी निकालने** की बात पर न्यायाधीश से पंकज धारू, भीम धारू सहित एक अन्य ने विवाद किया था। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी की तलाश जारी है।

**अमित सोलंकी**
**टीआई, नाहर दरवाजा थाना**

# पारिवारिक विवाद में छोटे ने बड़े भाई की कर दी हत्या



**देवास।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के बाद एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। मंगलवार देर रात करीब 11 बजे सिंगावदा पावर हाउस निवासी रवि चौहान उम्र 30 वर्ष का अपने छोटे भाई से घर में विवाद हो गया। विवाद के दौरान छोटे भाई ने रवि के सिर पर किसी हथियार से हमला कर दिया। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल रवि को परिजन तत्काल अमलतास अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक और आरोपी दोनों सगे भाई हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां बुधवार को पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के मामा मुकेश सोनगरा ने बताया कि रवि और उसके छोटे भाई लाखन के बीच आपसी विवाद हुआ था, इसी दौरान रवि को गंभीर चोट आई। रवि चार बच्चों का पिता था और उसकी शादी को करीब 10 से 12 वर्ष हो चुके थे।

# एडीओ को किया निलंबित, जनपद सीईओ का वेतन काटने के निर्देश

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम गर्भाधान योजना की विकासखंड वार समीक्षा कर प्रगति की जानकारी ली। समीक्षा में खातेगांव में बहुत कम प्रगति पाई गई। जिस पर कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के एडीओ बालकृष्ण यादव को निलंबित करने के निर्देश दिए एवं खातेगांव जनपद सीईओ अभिषेक कटारिया को दो दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि जिले में एग्रीस्टैक का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। भविष्य में किसानों को खाद वितरण और केसीसी बनाने जैसे कार्य इसके आधार पर ही होंगे। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि जिले में जहां पर भी जल स्त्रोतों पर अतिक्रमण है, वहां जल स्त्रोतों को अधिग्रहित करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाइन पर लंबित शिकायतों की समीक्षा कर सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिला अधिकारी सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों को निराकरण प्राथमिकता से करें। सीएम हेल्पलाइन पर कोई भी शिकायत नॉन अटेंडेंट नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए।



### पिपलेश्वर महादेव का गणेशजी के स्वरूप में श्रृंगार

**सोनकच्छ।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर श्री श्री 1008 ब्रह्मलीन बाबा महेश्वरानंदजी की प्रेरणा से एवं महंत लवचद्रदास महाराज के सानिध्य में महारुद्राभिषेक के पहले दिन बुधवार को पं. दिनेश शर्मा व पं. कृष्णकांत द्वारा भगवान भोलेनाथ का सिंघाड़े के आटे से श्री गणेश जी के स्वरूप में आकर्षक श्रृंगार कर आरती की गई।

## एसडीएम ने किया सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण



**सोनकच्छ।** एसडीएम प्रिया चंद्रावत ने बुधवार को सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। एसडीएम चंद्रावत ने एनआरसी में बच्चो व महिलाओं को दिए जाने वाले भोजन की जानकारी ली। कुपोषित बच्चों को दिए जाने वाले भोजन को चखकर गुणवत्ता देखी। साथ ही बच्चों की माता व परिजनों से चर्चा की। खाना बनाने का किचन रूम, ऑपरेशन थिएटर, महिला जनरल वार्ड, आईसीयू रूम, पैथोलॉजी लैब, फिजियोथैरेपी रूम, उमंग स्वास्थ्य केंद्र, जच्चा बच्चा वार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, डेंटल रूम, आक्सीजन प्लांट सहित समस्त अस्पताल का निरीक्षण किया। इन सुविधाओं के अलावा ओर भी अति उपयोगी सामग्रियों के लिए सीबीएमओ राकेश कुमार को सूची बनाकर देने को कहा। सोनोग्राफी मशीन के लिए सोनोलॉजिस्ट डॉक्टर उपलब्ध कराने हेतु उच्च अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही। अस्पताल में डॉक्टर अमित सोलंकी, बीपीएम दीपक चौहान आदि उपस्थित थे।

# शिवपुर मातमोर जैन तीर्थ के समीप बस्ती निर्माण पर समाज में आक्रोश

### जैन समाज ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी



**देवास।** देवास जिले के भारत भर में विख्यात चापड़ा के समीप शिवपुर मातमोर जैन तीर्थ असामाजिक एवं हिंसक गतिविधियों से घिरता हुआ दृष्टिगत हो रहा है। इसको लेकर संपूर्ण जैन समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। अहिंसक समाज के लिए तीर्थ स्थल के समीप इस प्रकार की गतिविधियां असहनीय है। प्रशासन द्वारा मातमोर से विस्थापित कई परिवारों की शिवपुर जैन तीर्थ के समीप बस्ती बनाकर घर बनाने का आदेश जारी किया गया है। इस हेतु प्रशासनिक कार्यवाही भी प्रारंभ हो चुकी है। पूज्य आचार्य श्री वीररत्न विजयजी एवं जैन समाज के अथक प्रयासों से आज यह तीर्थ भारत भर में साधना, आराधना एवं तप स्थली के रूप में विख्यात हो चुका है। वर्ष भर में हजारों भक्त यहां पर साधना, आराधना एवं तीर्थ यात्रा करने आते है। यहां पर भारत एक मात्र संपूर्ण निर्मित अद्भुत शिल्पकला वाला रथाकार मंदिर है। तीर्थ अधिष्ठायक देव श्री माणिभद्रवीर यहां पर स्वयंभू प्रकटित होकर स्थापित है तथा भक्तों की मनोकामना पूर्ण कर रहे है। इस प्रकार के धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के समीप बस्ती बनाया जाना सर्वथा अनुचित है। जबकि आसपास के क्षेत्र में कई स्थान बस्ती बनाने के लिए उपयोग में लिए जा सकते है। इस बस्ती के निर्माण से आने वाले भक्तों की आराधना, साधना में व्यवधान पैदा होगा तथा तीर्थ की पवित्रता भी भंग होगी। उक्त बस्ती को अन्यत्र स्थापित करने की मांग को लेकर जैन समाज ने शासन एवं प्रशासन को पत्र एवं ज्ञापन के माध्यम से अवगत भी कराया है। इसके बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। इस स्थिति में जैन समाज में आक्रोश फैला हुआ है। समाज ने चेतावनी दी है कि बस्ती को अन्यत्र स्थापित नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### पार्थेश्वर पूजन रुद्राभिषेक का आयोजन

**खातेगांव।** नगर के अजनास रोड स्थित महाकाल गार्डन में बाबा भोलेनाथ मंदिर परिसर में चल रही शिव महापुराण कथा का उपस्थित भक्त श्रद्धालुओं को रसपान कराते हुए पं. नित्यानंद शास्त्री ने सती चरित्र की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जीवन में मनुष्य को अभिमान रहित कार्य करना चाहिए। पूर्ण भाव से कार्य किया हुआ सफल हो जाता है। सती चरित्र की कथा से जीवन में यह सीख मिलती है कि बिना बुलाए कहीं नहीं जाना चाहिए। जीवन में मान, सम्मान अत्यंत आवश्यक है, जिस प्रकार राजा दक्ष ने अभियान में आकर जो यज्ञ किया था, उसका परिणाम दुखद हुआ। कथा परिसर में समाजसेवी श्याम गिरी, कथा के यजमान चंद्रशेखर पवार, संजय शर्मा, मोहित पाराशर, सुनील अग्रवाल, महेश माली, प्रदीप साहू, संतोष साहू, कचरूलाल साहू आदि ने व्यासपीठ का पूजन कर पं. नित्यानंद शास्त्री का अभिनंदन किया। कथा परिसर में प्रतिदिन पार्थेश्वर पूजन रुद्राभिषेक किया जा रहा है।



### नप में मनाई पं. उपाध्याय की पुण्यतिथि

**पीपलरावां।** नगर परिषद कार्यालय में बुधवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम मंडल अध्यक्ष हरेंद्र सिंह पिलवानी एवं पार्षद देवनारायण शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर पं. उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर निरंजन सिंह सेंगर, जितेंद्र सेंधव, राजेंद्र नाहर, अनिल आदिवासी, अजय गुप्ता, जितेंद्र कुशवाह, शेखर यादव, मोनू भावसार, राहुल राठौर, अजय मंडलोई, दीपक बिलवान, सुमित भामा, विजय जोशी, शिव पाटीदार, सुलेमान कुरैशी, नरेंद्रसिंह सेंधव, बाबूलाल धाकड़ आदि उपस्थित थे।

### भौंरासा विद्युत मंडल ने चलाया वसूली अभियान बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटे

**भौंरासा।** नगर में बुधवार को भौंरासा विद्युत मंडल के अधिकारी मंसूर अली द्वारा विद्युत बकायादारों के विरुद्ध वसूली अभियान चलाया गया। मंसूर अली ने बताया कि ऐसे उपभोक्ता जिन पर 10 हजार रुपये से अधिक की बकाया राशि है, उन लोगों के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई है। इस दौरान 18 उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेद किए गए है, जिन पर 2 लाख 35 हजार की बकाया राशि थी। जिसके बाद उपभोक्ताओं द्वारा कार्यालय में आकर हंगामा भी किया गया। जिस पर मंसूर अली ने कहा कि जब तक बकाया बिल की राशि जमा नहीं की जाती है, कनेक्शन नहीं जोड़ा जाएगा।



### पुण्यतिथि पर पंडित दीनदयाल के जीवन पर प्रकाश डाला

**हाटपीपल्या।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नंदकिशोर पाटीदार, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सेंधव, विधानसभा प्रभारी बापूलाल धोसरिया, अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौर, कपिल तंवर, रमेश संदुकलिया, मनीष सोलंकी, अर्जुन सेंधव आदि अतिथियों ने संबोधित किया। बैठक में आजीवन सहयोग निधि की रसीद भाजपा कार्यकर्ताओं की बनाकर उनसे चेक किए गए। आज की बैठक में आजीवन सहयोग निधि की 1 लाख रुपए का समर्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक धोसरिया, विनोद सिसौदिया, रामसिंह सेंधव, देवेंद्र सेंधव, संदीप मालवीय, मंदन बुंदेला, नितिन कुंभकार, चेतन सेंधव, माणक चौहान, सुरेंद्र शक्तावत, अभिमन्यु सेंधव, महेश पांचाल, विकास पांचाल आदि उपस्थित थे।

### महापौर ने जनसुनवाई में अधिकारियों को उपस्थित रहने के दिए निर्देश



**देवास।** बुधवार को निगम में हुई महापौर जनसुनवाई में महापौर गीता अग्रवाल द्वारा नागरिकों से निगम संबंधी समस्याओं के आवेदन प्राप्त कर उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान एक आवेदक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के भवन पर आपत्ति दर्ज कराने पर संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के जनसुनवाई में उपस्थित नहीं रहने पर महापौर द्वारा सख्ती से जनसुनवाई में परिस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बगैर किी कारण के जनसुनवाई में विभाग प्रमुख व उनके अधीनस्थ के अनुपस्थित रहने पर उक्त दिवस का वेतन आहरण नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर गीता अग्रवाल द्वारा विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि के 5 स्वीकृति पत्रों का वितरण भी हितग्राहियों को किया गया।

**कार्यालय कलेक्टर जिला देवास एवं समुचित सरकार**
**म.प्र. शासन, राजस्व विभाग, जिला देवास (म.प्र.)**

क्रमांक – 647/भू-अर्जन/26

देवास, दिनांक 06/02/2026

**:: सार्वजनिक सूचना ::**

**(भू-अर्जन हेतु मध्यप्रदेश शासन की "आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति" अंतर्गत)**

मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, भोपाल के पत्र दिनांक 12.11.2014 के परिपालन में आपसी सहमति से क्रय नीति के अंतर्गत निम्नानुसार निचे दि गई अनुसूची के कॉलम क्रमांक (2) में उल्लेखित भूमि धारकों की अनुसूची के कॉलम क्रमांक (3 एवं 4) अनुसार भूमि सार्वजनिक प्रयोजन हेतु आई.एस.पी.-कालीसिंध लिंक उद्वहन सिंचाई परियोजना के प्रथम चरण के वाल्व चेंबर के निर्माण के लिए आवश्यक है।

**-: अनुसूची :-**

1. ग्राम का नाम – मोहम्मदपुर
2. तहसील – सोनकच्छ
3. जिला – देवास

| स. क्र. | संपत्ति का विवरण | कृषक का नाम | सर्वे क्रमांक | अर्जन योग्य भूमि का रकबा(हे.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | कृषि भूमि | मदनलाल पिता रघुनाथ प्रसाद | 195 | 0.0051 हे. |

उपरोक्त कृषकों की भूमि आई.एस.पी.-कालीसिंध लिंक उद्वहन सिंचाई परियोजना के प्रथम चरण के वाल्वचेंबर निर्माण के अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर, तहसील सोनकच्छ की भूमि राज्य सरकार के संबंधित विभाग/उपक्रम के पक्ष में क्रय की जानी है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि एवं परिसंपत्तियों के स्वत्व के विषय में आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशित होने की दिनांक से 15 दिवस के अंदर) में आधार सहित इस कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**कलेक्टर एवं समुचित सरकार म.प्र. शासन**
**राजस्व विभाग जिला देवास**

**न्यायालय तहसीलदार संजय गर्ग**
**तहसील सोनकच्छ जिला देवास (म.प्र.)**

क्रमांक/307/रीडर/2026

सोनकच्छ, दिनांक 10/02/2026

राजस्व प्रकरण क्र. 0116/अ-27/2025-26

**-: सूचना पत्र :-**

1. **कस्तुरीबाई** पति सेवाराम पुत्री हरिया निवासी हाटपिपल्या
2. **देवकरण** पिता भेरा निवासी ग्राम कोदापुरा
3. **जसीबाई** पति बोंदा जाति बलाई निवासी ग्राम कोदापुरा समस्त कृषक ग्राम कोदापुरा तहसील सोनकच्छ जिला देवास (म.प्र.)

एतत द्वारा सूचना-पत्र आपको सूचित किया जाता है कि प्रार्थी घीसा पिता गंगाराम आदि जाति बलाई निवासी ग्राम कोदापुरा तहसील सोनकच्छ जिला देवास के विरूद्ध कस्तुरीबाई पति सेवाराम पुत्री हरिया निवासी हाटपिपल्या कृषक कोदापुरा के मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के अंतर्गत ग्राम कोदापुरा में स्थित भूमि सर्वे नम्बर 101, 105, 165, 166, 167, 276, 279 कुल किता 07 कुल रकबा 1.880 हेक्टेयर भूमि पर आपसी बाहामी बटवारा किये जाने बाबद आवेदन पत्र मय संबंधित भूमि की खसरा खतौनी आदि अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर बटवारा किये जाने हेतु निवेदन प्रस्तुत किया गया हैं।

अतः उक्त भूमि पर बटवारा किये जाने के संबंध में आप मेरे समक्ष न्यायालयीन समय 10:00 से शाम 6:00 बजे तक पेशी दिनांक 16/02/2026 को स्वयं उपस्थित होकर या अपने प्रतिनिधि अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन अथवा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिती में एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में आदेश पारित कर दिये जावेंगे।

आज दिनांक 09/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील, सोनकच्छ जिला देवास**